Series &RQPS

**SET-4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **360**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **24** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Please check that this question paper contains **24** questions.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# पुस्तकालय तथा सूचना विज्ञान

# LIBRARY & INFORMATION SCIENCE

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **60***

*Time allowed : **3** hours* | *Maximum Marks : **60***

**सामान्य निर्देश :**

*(i) कृपया निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।*

*(ii) इस प्रश्न-पत्र के **दो** खंडों : खंड-**क** और खंड-**ख** में **24** प्रश्न हैं ।*

*(iii) खंड-**क** में वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न हैं, खंड-**ख** में विषयपरक प्रकार के प्रश्न हैं ।*

*(iv) दिए गए **(6 + 18 =) 24** प्रश्नों में से, उम्मीदवार को **3** घंटे के आवंटित (अधिकतम) समय में **(6 + 11 =) 17** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*(v) किसी विशेष खंड के सभी प्रश्नों को सही क्रम में करने का प्रयास किया जाना चाहिए ।*

*(vi) खंड-**क** : वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न (**30** अंक)*

*(क) इस खंड में **6** प्रश्न हैं ।*

*(ख) कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।*

*(ग) दिए गए निर्देशों के अनुसार करें ।*

*(घ) प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने आवंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

*(vii) खंड-**ख** : विषयपरक प्रकार के प्रश्न (**30** अंक)*

*(क) इस खंड में **18** प्रश्न हैं ।*

*(ख) उम्मीदवार को **11** प्रश्न करने हैं ।*

*(ग) दिए गए निर्देशों के अनुसार करें ।*

*(घ) प्रत्येक प्रश्न/भाग के सामने आवंटित अंकों का उल्लेख किया गया है ।*

## खंड – क

## (वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न)

1. रोज़गार कौशल पर आधारित पूछे गये **6** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । **4 × 1 = 4**

(i) सक्रिय रूप से सुनने के पाँच चरण हैं, प्राप्त करना, समझना, याद रखना, मूल्यांकन करना और ________

(a) विश्लेषण करना (b) प्रतिक्रिया देना

(c) शांत रहना (d) प्रतिक्रिया नहीं देना

(ii) ________ एक लक्षण है, जिनमें व्यक्ति चिंता, आत्मसंदेह, अवसाद, शर्मीलापन और इसी तरह की अन्य नकारात्मक भावनाओं के प्रति प्रवृत्ति दिखाते हैं ।

(a) न्यूरोटिसिज़्म (b) खुलापन

(c) बहिर्मुखता (d) चेतना

(iii) _____ ऐसे व्यक्ति होते हैं, जो आस-पास के लोगों के साथ बातचीत करना पसंद करते हैं और आमतौर पर बातूनी होते हैं ।

(a) जागरूक (b) अंतर्मुखी

(c) आत्म-जागरूक (d) बहिर्मुखी

**General Instructions :**

*(i) Please read the instructions carefully.*

*(ii) This Question paper consists of **24** questions in **two** Sections : Section – **A** & Section – **B**.*

*(iii) Section – **A** has Objective Type Questions, whereas Section – **B** contains Subjective Type Questions.*

*(iv) Out of the given **(6 + 18 =) 24** questions, a candidate has to answer **(6 + 11 =) 17** questions in the allotted (maximum) time of **3** hours.*

*(v) All questions of a particular section must be attempted in the correct order.*

*(vi) Section – **A** : Objective Type Questions (**30** marks)*

*(a) This section has 06 questions.*

*(b) There is no negative marking.*

*(c) Do as per the instructions given.*

*(d) Marks allotted are mentioned against each question/part.*

*(vii) Section – **B** : Subjective Type Questions (**30** marks)*

*(a) This section has **18** questions.*

*(b) A candidate has to do **11** questions.*

*(c) Do as per the instructions given.*

*(d) Marks allotted are mentioned against each question/part.*

## Section – A
## (Objective Type Questions)

1. Answer any **4** out of the given **6** questions on Employability Skills : **4 × 1 = 4**

(i) The five stages of active listening are Receiving, Understanding, Remembering, Evaluating and _____.

(a) Analysing (b) Responding
(c) Keeping Calm (d) Not responding

(ii) _____ is a trait, wherein, individuals show tendency towards anxiety, self-doubt, depression, shyness and other similar negative feelings.

(a) Neuroticism (b) Openness
(c) Extroversion (d) Consciousness

(iii) _____ are individuals, who love interacting with people around and are generally talkative.

(a) Conscious (b) Introverts
(c) Self-aware (d) Extroverts

(iv) एक स्प्रेडशीट में, ________ क्षैतिज तरीके से सेल की एक व्यवस्था है ।

(a) कॉलम (b) पंक्ति (row)

(c) सेल (d) वर्कशीट

(v) कृषकों ने अब उपज को अधिकतम करने के लिए नई और नवोन्मेषी तकनीक पेश की है, जिसने ________ को जन्म दिया गया है ।

(a) कृषि उद्यमिता (b) तकनीकी उद्यमिता

(c) औद्योगिक उद्यमिता (d) गैर-तकनीकी उद्यमिता

(vi) _______ कृषि, प्रशासनिक, अनुसंधान और विकास, विनिर्माण और सेवा गतिविधियों में वे कार्य हैं जो पर्यावरणीय गुणवत्ता को संरक्षित करने या बहाल करने में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं ।

(a) व्हाइट जॉब्स (b) येलो जॉब्स

(c) ग्रीन जॉब्स (d) ब्लू जॉब्स

2. नीचे पूछे गये **7** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दें । **5 × 1 = 5**

(i) एल्सेवियर द्वारा प्रकाशित 'केमिका' एक विषय ग्रंथसूची है, जो कि _______ विषय से सम्बन्धित है ।

(a) रसायन विज्ञान (b) जीव विज्ञान

(c) चिकित्सा विज्ञान (d) जीवन विज्ञान

(ii) यदि किसी किताब की स्पाइन इतनी मोटी न हो कि बोध संख्या (कॉल नंबर) लिखा जा सके, तो उसे किताब के कवर के ________ पर लिखना चाहिए ।

(a) दाएँ निचले कोने (b) दाएँ शीर्ष कोने

(c) बायें शीर्ष कोने (d) बायें निचले कोने

(iii) किसी पुस्तकालय में ________ प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य 'सम्प्राप्त पुस्तकालय संग्रह से एक निश्चित अवधि में क्या खो गया है' यह पता लगाना है ।

(a) परिचालन (b) स्टॉक सत्यापन

(c) सूचीकरण (d) संग्रह विकास

(iv) शैक्षणिक पुस्तकालय को मोटे तौर पर ______ विस्तृत श्रेणियों में विभाजित किया जा सकता है ।

(a) तीन (b) दो

(c) पाँच (d) चार

(v) _______ किसी देश में प्रकाशित समस्त ग्रंथों एवं विदेश में प्रकाशित लेकिन देश के लिए प्रासंगिक ग्रंथों की एक सूची है ।

(a) विषय ग्रंथसूची (b) व्यापार ग्रंथसूची

(c) राष्ट्रीय ग्रंथसूची (d) अंतर्राष्ट्रीय ग्रंथसूची

(iv) In a spreadsheet, a _____ is an arrangement of cells in a horizontal manner.

(a) column (b) row

(c) cell (d) worksheet

(v) Agriculturists have now introduced new and innovative technology to maximize the yield, giving birth to _____.

(a) Agriculture Entrepreneurship

(b) Technical Entrepreneurship

(c) Industrial Entrepreneurship

(d) Non-technical Entrepreneurship

(vi) _____ are works in agricultural, administrative, research and development, manufacturing and service activities that contribute substantially to preserving or restoring environmental quality.

(a) White Jobs (b) Yellow Jobs

(c) Green Jobs (d) Blue Jobs

2. Answer any **5** out of the given **7** questions. **5 × 1 = 5**

(i) 'Chemica' is a subject bibliography, published by Elsevier which covers the subject _____.

(a) Chemistry (b) Biology

(c) Medicine (d) Life Science

(ii) If the spine of a book is not thick enough to write the call number, then it should be written on the _____ of the cover of the book.

(a) right bottom corner (b) right top corner

(c) left top corner (d) left bottom corner

(iii) The main objective of _____ process in a library is to find 'what has been lost in a given period from the acquired library collection'.

(a) circulation (b) stock verification

(c) cataloguing (d) collection development

(iv) The academic library can be broadly divided into __________ broad categories.

(a) three (b) two

(c) five (d) four

(v) _____ are a list of publications, published in a country or relevant to a country if published abroad.

(a) Subject Bibliographies (b) Trade Bibliographies

(c) National Bibliographies (d) International Bibliographies

(vi) जब किसी पुस्तकालय के लिए वित्तीय अनुमान तैयार करते समय व्यय की सभी वस्तुओं का हिसाब लगाया जाता है, तो वित्तीय अनुमान की इस विधि को ______ के रूप में जाना जाता है ।

(a) प्रतिव्यक्ति विधि
(b) आनुपातिक विधि
(c) संक्षिप्त विधि
(d) विवरण की विधि

(vii) पुस्तकालय में ________ अनुभाग संग्रह विकास की एक महत्त्वपूर्ण कार्यात्मक इकाई है ।

(a) संप्राप्ति
(b) परिचालन
(c) सूचीकरण
(d) वर्गीकरण

3. नीचे पूछे गये **7** प्रश्नों में से किन्हीं **6** प्रश्नों के उत्तर दें : **$6 \times 1 = 6$**

(i) डॉ. एस.आर. रंगनाथन के अनुसार ________ मौलिक श्रेणियाँ हैं जिनमें किसी विषय या मुख्य वर्ग को विभाजित किया जाता है ।

(a) छः
(b) नौ
(c) पाँच
(d) आठ

(ii) मौलिक श्रेणी _________एक मुख्य वर्ग की समस्याओं, तरीकों सहित कार्रवाई, कार्यप्रणाली आदि पहलुओं को शामिल करती है ।

(a) पर्सनालिटी
(b) एनर्जी
(c) स्पेस
(d) टाइम

(iii) डॉ. रंगनाथन ने प्रलेख के शीर्षक का अनुवाद करने और उसे उचित वर्ग संख्या देने के लिए एक प्रक्रिया निर्धारित की है जिसमें _________ क्रमिक चरण शामिल हैं ।

(a) नौ
(b) आठ
(c) पाँच
(d) दस

(iv) ________ का उद्देश्य पुस्तकालय द्वारा प्राप्त प्रलेख का पता प्रदान करना है, जहाँ पुस्तकालय कर्मचारी प्रलेख को रखेंगे और जहाँ उपयोगकर्ता प्रलेख की तलाश कर सकते हैं ।

(a) शीर्षक
(b) ग्रंथसूची संख्या
(c) बोध संख्या (कॉल नम्बर)
(d) परिग्रहण संख्या

(v) _______ यह सुनिश्चित करने में सहायता करती हैं, कि एक विषय पर सभी कार्यों के लिए एक ही शीर्षक दिया गया है ।

(a) विषय शीर्षक प्राधिकरण सूचियाँ
(b) शेल्फ सूचियाँ
(c) पुस्तक चयन सूचियाँ
(d) पुस्तक अनुशंसा सूचियाँ

(vi) When all items of expenditure are accounted for while preparing financial estimates for a library, the method of financial estimation is known as _____.

(a) Per capita Method (b) Proportional Method
(c) Brief Method (d) Method of details

(vii) The _____ section in the library is an important functional unit of collection development.

(a) acquisition (b) circulation
(c) cataloguing (d) classification

3. Answer any **6** out of the given **7** questions. **6 × 1 = 6**

(i) According to Dr. S.R. Ranganathan, there are _____ fundamental categories into which a subject or main class is divided.

(a) six (b) nine
(c) five (d) eight

(ii) Fundamental category _____ covers the problems, action including methods, functioning etc. aspects of a main class.

(a) personality (b) energy
(c) space (d) time

(iii) Dr. Ranganathan has prescribed a procedure involving ______ successive steps for translating the title of the document and for giving it an appropriate class number.

(a) nine (b) eight
(c) five (d) ten

(iv) The purpose of the _____ is to provide the address for a document acquired by the library, where the staff will shelve the document, and where the user can look for the document.

(a) title (b) bibliographic number
(c) call number (d) accession number

(v) _____ help to ensure that the same heading is assigned to all works on the same subject.

(a) Subject headings Authority lists
(b) Shelf lists
(c) Book selection lists
(d) Book recommendation lists

(vi) प्रत्याशित सूचना सेवाओं को _________ के रूप में भी जाना जाता है ।

(a) निष्क्रिय सूचना सेवाओं (b) माँग आधारित सूचना सेवाओं

(c) सक्रिय सूचना सेवाओं (d) उत्तरदायी सूचना सेवाओं

(vii) डॉ. एस.आर. रंगनाथन के अनुसार, "_________ व्यक्तिगत सेवा द्वारा पाठक और पुस्तक के बीच संपर्क स्थापित करना है" ।

(a) अनुक्रमण सेवा (b) रेफरल सेवा

(c) उपयोगकर्ता अभिविन्यास (d) संदर्भ सेवा

4. नीचे पूछे गये **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दें : **5 × 1 = 5**

(i) _________ एक सार्वजनिक चर्चा क्षेत्र है जहाँ उपयोगकर्ता संदेश को बिना किसी के भी व्यक्तिगत ई-मेल पर भेजे पोस्ट कर सकते हैं, जिसे क्षेत्र में प्रवेश करने वाला कोई भी व्यक्ति देख सकता है ।

(a) बुलेटिन बोर्ड (b) विषय गेटवे

(c) वेब ओपेक (d) लिस्टसर्व्स

(ii) INFOPORT एक _________ है ।

(a) बुलेटिन बोर्ड (b) विषय गेटवे

(c) सीएएस सेवा (d) एसडीआई सेवा

(iii) संक्षिप्त नाम SDI का पूर्ण रूप _________ है ।

(a) चयनात्मक सूचना प्रसार (b) वितरण सूचना प्रसार

(c) सुरक्षित सूचना प्रसार (d) चयनात्मक सूचना विभाजन

(iv) पुस्तकालयों के बीच सामग्री साझा करने की प्रक्रिया को _________ के रूप में जाना जाता है ।

(a) अंतर-पुस्तकालय संचलन (b) अंतर-पुस्तकालय ऋण

(c) अंतर-पुस्तकालय नियम (d) अंतर-पुस्तकालय समझौता

(v) _________ सेवा उपयोगकर्ता को लाइब्रेरी के उस प्रलेख को आरक्षित करने की अनुमति देती है जिसे किसी अन्य उपयोगकर्ता को उधार दिया गया है ।

(a) प्रलेख आरक्षण (b) प्रलेख वितरण

(c) तैयार संदर्भ (d) समसामायिक जागरूकता

(vi) इंटरनेट के माध्यम से दुनिया भर के दर्शकों के लिए वास्तविक समय में लाइव ऑडियो और वीडियो प्रसारित करने की विधि को _________ के रूप में जाना जाता है ।

(a) वेब संग्रह (b) वेब कास्टिंग

(c) इंटरनेट-कास्टिंग (d) सूचना प्रसारण

(vi) Anticipatory information services, are also known as

(a) Passive Information Services

(b) On Demand Information Services

(c) Active Information Services

(d) Responsive Information Services

(vii) According to Dr. S.R. Ranganathan, "_____ is the establishing of contact between reader and book by personal service".

(a) Indexing service (b) Referral service

(c) User orientation (d) Reference service

4. Answer any **5** out of the given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) A _____ is a public discussion area where users can post messages without sending them to anyone's personal e-mail address, which can be viewed by anyone who enters the area.

(a) Bulletin board (b) Subject Gateway

(c) Web OPAC (d) Listserves

(ii) INFOPORT is a _____.

(a) Bulletin Board (b) Subject Gateway

(c) CAS Service (d) SDI Service

(iii) Acronym SDI stands for ______.

(a) Selective Dissemination of Information

(b) Selective Distribution of Information

(c) Safe Dissemination of Information

(d) Selective Division of Information

(iv) The process of sharing materials between libraries is known as ____.

(a) Inter-library circulation (b) Inter-library loan

(c) Inter-library rule (d) Inter-library agreement

(v) _____ service allows a user to reserve an item of the library that has been loaned out to another user.

(a) Reservation of Document (b) Document Delivery

(c) Ready Reference (d) Current Awareness

(vi) The method of broadcasting live audio and video in real-time, to audiences all over the world via the Internet is known as _____.

(a) Web archive (b) Web casting

(c) Internet casting (d) Information broadcast

5. नीचे पूछे गये **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दें : **5 × 1 = 5**

(i) एक प्रोग्राम जो कम्प्यूटर सिस्टम के समग्र आंतरिक संचालन को नियंत्रित करता है उसे ________ के रूप में जाना जाता है ।

(a) एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर (b) ऑपरेटिंग सिस्टम

(c) यूटिलिटी सॉफ्टवेयर (d) इंटरनल सॉफ्टवेयर

(ii) निम्नलिखित में से कौन सा लाइब्रेरी ऑटोमेशन सॉफ्टवेयर (LAS) का उद्देश्य नहीं है ?

(a) पुस्तकालय उपयोगकर्ताओं का कीमती समय बचाता है ।

(b) उपलब्ध संसाधनों का पता लगाने में मदद करता है ।

(c) इसमें अलग-अलग रिपोर्ट बनाने का प्रावधान है ।

(d) पुस्तकालय कर्मचारियों को प्रेरित करता है ।

(iii) ई-ग्रंथालय को ________ में एक इन-हाउस प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया था ।

(a) एनआईसी के उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ

(b) एनआईसी मुख्यालय, दिल्ली

(c) एनआईसी के कर्नाटक राज्य केंद्र, बैंगलुरू

(d) एनआईसी के तमिलनाडु राज्य केंद्र, चेन्नई

(iv) KOHA सॉफ्टवेयर पहली बार जनता के लिए सामान्य सार्वजनिक लाइसेंसिंग के तहत ________ में जारी किया गया था ।

(a) अगस्त, 1990 (b) जुलाई, 2002

(c) जुलाई, 2000 (d) अगस्त, 1999

(v) ________ फरवरी, 2004 में एडवर्ड सेवरिन के साथ मार्क जुकरबर्ग द्वारा बनाए गए एक स्कूल-आधारित सोशल नेटवर्क के रूप में शुरू हुआ ।

(a) फेसबुक (b) ट्विटर

(c) लिंक्डइन (d) वेब लॉग

(vi) ________ पेशेवरों के लिए एक सोशल नेटवर्क है जो रीड हॉफमैन द्वारा स्थापित और मई 2003 में लॉन्च किया गया था ।

(a) ट्विटर (b) फेसबुक

(c) वर्डप्रेस (d) लिंक्डइन

6. नीचे पूछे गये **6** प्रश्नों में से किन्हीं **5** प्रश्नों के उत्तर दें : **5 × 1 = 5**

(i) लाइब्रेरी में निम्नलिखित में से किस कार्य के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग नहीं किया जाता है ?

(a) प्रलेखों के परिचालन के लिए (b) उपयोगकर्ताओं के साथ संवाद करने के लिए

(c) पुस्तकालय सेवाओं को बढ़ावा देने (d) चर्चा के लिए

5. Answer any **5** out of the given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) A programme which controls the overall internal operations of a computer system is known as _____.

(a) Application software (b) Operating system

(c) Utility software (d) Internal software

(ii) Which of the following is not a purpose of Library Automation Software (LAS) ?

(a) Saves the precious time of the library users

(b) Helps in locating the resources available.

(c) Has provisions of creating different reports.

(d) Motivates library staff.

(iii) E-Granthalaya was started as an in-house project at

(a) Uttar Pradesh State Center of NIC, Lucknow

(b) NIC Headquarters, Delhi

(c) Karnataka State Center of NIC, Bangaluru

(d) Tamil Nadu State Center of NIC, Chennai

(iv) The KOHA software was first released in _____ under the general public licensing for public.

(a) August 1990 (b) July 2002

(c) July 2000 (d) August 1999

(v) _____ began in February of 2004 as a school – based social network created by Mark Zuckerberg along with Edward Saverin.

(a) Facebook (b) Twitter

(c) LinkedIn (d) Weblog

(vi) _____ is a social network for professionals founded by Reid Hoffman and was launched in May 2003.

(a) Twitter (b) Facebook

(c) WordPress (d) LinkedIn

6. Answer any **5** out of the given **6** questions. **5 × 1 = 5**

(i) For which of the following functions in library, social media platforms are not used ?

(a) Circulation of documents (b) To communicate with users

(c) Promotion of library services (d) Discussions

(ii) जब मानव स्वर रज्जु या ध्वनि का उपयोग संचार के साधन के रूप में किया जाता है तो इस प्रक्रिया को कहा जाता है ।

(a) गैर–स्वर संचार (b) स्वर संचार

(c) शोरयुक्त संचार (d) मूक संचार

(iii) __________ कम्युनिकेशन एक ऐसा संचार है जिसमें व्यक्ति स्वयं से संवाद करता है ।

(a) इंटरपर्सनल (b) पर्सनल

(c) सेल्फ (d) इंट्रापर्सनल

(iv) संचार की बाधाओं को दो समूहों में रखा जा सकता है, (i) ________ और (ii) यांत्रिक या तकनीकी बाधाएँ ।

(a) वित्तीय बाधाएँ (b) चैनल बाधाएँ

(c) मानवीय कारक (d) पर्यावरणीय कारक

(v) निम्नलिखित में से कौन सा पारस्परिक कौशल का तत्त्व नहीं है ?

(a) अकेले काम करने का कौशल (b) समस्या समाधान

(c) निर्णय लेना (d) सुनने का कौशल

(vi) रेडियो और टेलीविज़न पर प्रसारण ________ के उदाहरण हैं ।

(a) पारस्परिक संचार (b) अंतवैयक्तिक संचार

(c) जन संचार (d) व्यक्तिगत संचार

## खंड – ख

### (विषयपरक प्रकार प्रश्न)

रोज़गार कौशल पर आधारित पूछे गये **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों का **20 – 30** शब्दों में उत्तर दें : **3 × 2 = 6**

7. 'सक्रिय श्रवण' शब्द से आप क्या समझते हैं ?

8. 'बाह्य प्रेरणा' से आप क्या समझते हैं ?

9. प्रेजेंटेशन में नई स्लाइड डालने के चरण लिखें ।

10. औद्योगिक उद्यमी से आप क्या समझते हैं ?

11. इको पर्यटन क्षेत्र में हरित नौकरियों (ग्रीन जॉब्स) के बारे में संक्षेप में लिखें ।

(ii) When human vocal chords or sound is used as the mode of communication, the process is known as _____.

(a) Non-Vocal Communication (b) Vocal Communication

(c) Noise Communication (d) Silent Communication

(iii) _____ Communication is such a communication in which an individual communicates with oneself.

(a) Interpersonal (b) Personal

(c) Self (d) Intrapersonal

(iv) The barriers of communication can be put in two groups, (i) _____ and (ii) Mechanical or technological barriers.

(a) Financial barriers (b) Channel barriers

(c) Human factors (d) Environmental factors

(v) Which of the following is not an element of Interpersonal skills ?

(a) Alone working skill (b) Problem solving

(c) Decision making (d) Listening skill

(vi) Broadcasting on Radio and telecasting on television are the examples of _____.

(a) Interpersonal Communication

(b) Intrapersonal Communication

(c) Mass Communication

(d) Personal Communication

## Section – B
## (Subjective Type Questions)

Answer any **3** out of the given **5** questions on Employability skills.
Answer each question in **20** to **30** words : **3 × 2 = 6**

7. What do you understand by the term 'Active Listening' ?

8. What do you understand by 'Extrinsic Motivation' ?

9. Write the steps to insert a new slide in a presentation.

10. What do you understand by Industrial Entrepreneur ?

11. Explain in brief the green jobs in Eco-tourism sector.

नीचे पूछे गये **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर **20 – 30** शब्दों में लिखिए : **3 × 2 = 6**

12. पुस्तकालय में स्टॉक सत्यापन क्या है ?

13. किसी प्रलेख की पुस्तक संख्या (बुक नंबर) क्या है ?

14. 'अंतर पुस्तकालय ऋण' से आप क्या समझते हैं ?

15. वेबकास्टिंग क्या है ?

16. गैर–मौखिक संप्रेक्षण से आप क्या समझते हैं ?

नीचे पूछे गये **3** प्रश्नों में से किन्हीं **2** प्रश्नों के उत्तर **30 – 50** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

17. शेल्फसूची क्या है ? इसमें क्या सूचनाएँ होती हैं ?

18. किसी प्रलेख की बोध संख्या (कॉल नंबर) का उद्देश्य लिखें ।

19. तीन श्रेणियों के नाम बताइए जिनमें सॉफ्टवेयर को कार्य के आधार पर समूहीकृत किया जा सकता है । ऑपरेटिंग सिस्टम का संक्षेप में वर्णन करें ।

नीचे पूछे गये **5** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के **50 – 80** शब्दों में उत्तर दीजिए : **3 × 4 = 12**

20. वित्तीय आकलन की तीन विधियाँ समझाइए ।

21. किसी संगठन में HRM के पाँच मूलभूत कार्यों के नाम बताइए । मानव संसाधन योजना की व्याख्या करें ।

22. पी एम ई एस टी की अवधारणा का संक्षेप में वर्णन करें ।

23. किसी पुस्तकालय में प्रदान की जाने वाली समसमायिक जागरूकता सेवाओं (करंट अवेयरनेस सर्विसेज) से आप क्या समझते हैं ? इसकी दो श्रेणियों का वर्णन करें ।

24. सोशल प्लेटफॉर्म लिंक्डइन की बुनियादी विशेषताएँ लिखें ।

Answer any **3** out of the given **5** questions in **20** to **30** words each : **3 × 2 = 6**

12. What is stock verification in a library ?

13. What is Book Number of a document ?

14. What do you understand by 'Inter Library Loan' ?

15. What is web casting ?

16. What do you understand by Non-Verbal Communication ?

Answer any **2** out of the given **3** questions in **30** to **50** words each : **2 × 3 = 6**

17. What is Shelf List ? What information does it contain ?

18. Write the purpose of Call Number of a document.

19. Name three categories in which software on the basis of function can be grouped. Briefly describe Operating System.

Answer any **3** out of the given **5** questions in **50** to **80** words each : **3 × 4 = 12**

20. Explain three methods of financial estimation.

21. Name five fundamental functions of HRM in an organization. Explain Human Resource Planning.

22. Briefly describe the concept of PMEST.

23. What do you understand by the Current Awareness Services provided in library ? Describe its two categories.

24. Write basic features of social platform LinkedIn.